## GREENLAWNS HIGH SCHOOL

## TERMINAL EXAMINATION (2023 -24)

**Time: 3 Hours** **Subject: - Hindi** **Marks: - 80**

---

*Answers to this paper must be written on the paper provided separately.*
*You will not be allowed to write during the first* ***10 minutes.***
*This time is to be spent in reading the question paper.*
*The time given at the head of this paper is the time allowed for writing the answers.*

---

***Section A*** *is compulsory –* ***All*** *question in* ***Section A*** *must be answered.*

*Attempt* ***any four*** *questions from* ***Section B****, answering at least* ***one*** *question each from the* ***two*** *books you have studied and* ***any two*** *question from the same books you have studied.*

*The intended marks for the questions or parts of questions are given in brackets [].*

---

**SECTION 'A' (40 Marks)**
**(Attempt all questions)**

**Question 1**

**Write a short composition in Hindi of approximately 250 words on any one of the following topics : - . [15]**

**निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर हिन्दी में लगभग 250 शब्दों में संक्षिप्त लेख लिखिए :**

(i) कुछ लोग बड़े बातूनी होते हैं और अपने इस स्वभाव के कारण उन्हें अक्सर समाज में हँसी का पात्र बनना पड़ता है ।किसी ऐसे ही व्यक्ति के बारे में लिखिए जिसे अपने इस स्वभाव के कारण शर्मिंदा होना पड़ा हो ।

(ii) " विकास की ओर मानव की तीव्रगामी दौड़ ने पर्यावरण के नाक में दम कर दिया है ।" क्या आप इस कथन से सहमत हैं? अपने विचार व्यक्त कीजिए ।

(iii) यदि आप समाज सुधारक होते,तो समाज में फैली किन-किन बुराइयों को दूर करते और कैसे?

(iv) 'मूर्ख मित्र से समझदार शत्रु अच्छा होता है ।' कथन को आधार बनाकर एक मौलिक कहानी लिखिए ।

(v) नीचे दिए गए चित्र को ध्यान से देखिए और चित्र को आधार बनाकर उसका परिचय देते हुए कोई लेख, घटना अथवा कहानी लिखिए जिसका सीधा व स्पष्ट संबंध चित्र से होना चाहिए ।



**Question 2.**

**Write a letter in Hindi in approximately 120 words on any one of the topics given below: -** **[7]**

**निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर हिंदी में लगभग 120 शब्दों में पत्र लिखिए: -**

(i)-अच्छे स्वास्थ्य के लिए व्यायाम का विशेष महत्व है-इस विषय पर प्रकाश डालते हुए छात्रावास में रहने वाले अपने एक मित्र को पत्र लिखिए ।

(ii)-आपके आस-पास के क्षेत्र में लगातार बिना अनुमति के वृक्षों का कटान हो रहा है ।इसके नियंत्रण के लिए वन विभाग के अधिकारी को पत्र लिखिए ।

**Question 3.**

**Read the passage given below and answer in Hindi the questions that follow, using your own words as far as possible: -**

**निम्नलिखित गद्यांश को ध्यान से पढ़िए तथा उसके नीचे लिखे गए प्रश्नों के उत्तर हिंदी में लिखिए। उत्तर यथासंभव आपके अपने शब्दों में होने चाहिए ।** **[10]**

भारत प्राचीनतम संस्कृति का देश है। यहाँ दान पुण्य को जीवनमुक्ति का अनिवार्य अंग माना गया है। जब दान देने को धार्मिक कृत्य मान लिया गया तो निश्चित तौर पर दान लेने वाले भी होंगे। हमारे समाज में भिक्षावृत्ति की ज़िम्मेदारी समाज के धर्मात्मा, दयालु व सज्जन लोगों की है। भारतीय समाज में दान लेना व दान देना-दोनों धर्म के अंग माने गए

हैं। कुछ भिखारी खानदानी होते हैं क्योंकि पुश्तों से उनके पूर्वज धर्म स्थानों पर अपना अड्डा जमाए हुए हैं।

कुछ भिखारी अंतर्राष्ट्रीय स्तर के हैं जो देश में छोटी-सी विपत्ति आ जाने पर भीख का कटोरा लेकर भ्रमण के लिए निकल जाते हैं। इसके अलावा अनेक श्रेणी के और भी भिखारी होते हैं। कुछ भिखारी परिस्थिति से बनते हैं तो कुछ बना दिए जाते हैं। कुछ शौकिया भी। इस व्यवसाय में आ गए हैं। जन्मजात भिखारी अपने स्थान निश्चित रखते हैं। कुछ भिखारी अपनी आमदनी वाली जगह दूसरे भिखारी को किराए पर देते हैं।

आधुनिकता के कारण अनेक वृद्ध मज़बूरीवश भिखारी बनते हैं। गरीबी के कारण बेसहारा लोग भीख माँगने लगते हैं। काम न मिलना भी भिक्षावृत्ति को जन्म देता है। कुछ अपराधी बच्चों को उठा ले जाते हैं तथा उनसे भीख मँगवाते हैं। वे इतने हैवान हैं कि भीख माँगने के लिए बच्चों का अंग-भंग भी कर देते हैं। भारत में भिक्षा का इतिहास बहुत पुराना है। देवराज इंद्र व विष्णु श्रेष्ठ भिक्षुकों में थे।

इंद्र ने कर्ण से अर्जुन की रक्षा के लिए उनके कवच व कुंडल ही भीख में माँग लिए। विष्णु ने वामन अवतार लेकर भीख माँगी। धर्मशास्त्रों ने दान की महिमा का बढ़ा-चढ़ाकर वर्णन किया जिसके कारण भिक्षावृत्ति को भी धार्मिक मान्यता मिल गई। पूजा-स्थल, तीर्थ, रेलवे स्टेशन, बसस्टैंड, गली-मुहल्ले आदि हर जगह भिखारी दिखाई देते हैं। इस कार्य में हर आयु का व्यक्ति शामिल है।

साल-दो साल के दुध मुँहे बच्चे से लेकर अस्सी-नब्बे वर्ष के बूढ़े तक को भीख माँगते देखा जा सकता है। भीख माँगना भी एक कला है, जो अभ्यास या सूक्ष्म निरीक्षण से सीखी जा सकती है। अपराधी बाकायदा इस काम की ट्रेनिंग देते हैं। भीख रोकर, गाकर, आँखें दिखाकर या हँसकर भी माँगी जाती है। भीख माँगने के लिए इतना आवश्यक है कि दाता के मन में करुणा जगे। अपंगता, कुरूपता, अशक्तता, वृद्धावस्था आदि देखकर दाता करुणामय होकर परंपरानिर्वाह कर पुण्य प्राप्त करता है।

(i) "भारत में भिक्षा का इतिहास प्राचीन है"-सप्रमाण सिद्ध कीजिए।
(ii) "भीख माँगना एक कला है"-इस कला के विविध रूपों का उल्लेख कीजिए।
(iii) समाज में भिक्षावृत्ति बढ़ाने में हमारी मान्यताएँ किस प्रकार सहायक होती हैं?
(iv) भिखारी व्यवसाय के विभिन्न स्वरूपों का उल्लेख कीजिए।
(v) भिखारी दाता के मन में किस भाव को जगाते हैं और क्यों?

**Question 4.**

Answer the following according to the instructions given: -

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार लिखिए: **[8]**

(i) सेवक शब्द का विलोम शब्द चुनिए।

a) दास

b) शिष्य

c) स्वामी

d) नौकर

(ii) शत्रु शब्द के पर्यायवाची शब्द बताइए|

a) दुशमन, मैत्री

b) अरिजीत, विजेता

c) रिपु, वैरी

d) अरि, वीर

(iii) **करुण** शब्द की भाववाचक संज्ञा बताइए:

a) करण

b) करणा

c) करुणाकर

d) करुणा

(iv) बिकना शब्द का विशेषण बताइए :

a) बिकाऊ

b) बिक्री

c) खरीदना

d) बेचना

(V) **इतिहासिक** का शुद्ध रूप बताइए :

**a)** इतिहास

**b)** ऐतिहासिक

**c)** ऐतिहसिक

**d)** एतिहासिक

(vi) '**अक्ल का दुश्मन** ' मुहावरे का अर्थ बताइए :

a) मूरख व्यक्ति

b) मूर्ख होना

**c)** मुर्ख होना

**d)** विद्वान होना

(vii)निम्नलिखित वाक्यमें रेखांकित शब्द के लिए सही शब्द का चयन कीजिए।

न्यायधीश ने वक़ील से उचित **<u>प्रणाम</u>** देने के लिए कहा।

(a) प्रनाम

(b) गवाह

(c) प्रमाण

(d) प्रमान

(viii) निर्देशानुसार उचित वाक्य बताइए ।

राजवीर साइकिल चला रहा है| (द्‌वारा का प्रयोग )-

a) राजवीर द्‌वारा साइकिल चलती है|

b) राजवीर द्‌वारा साइकिल चलाई जाती है|

c) राजवीर द्‌वारा साइकिल चलाई जा रही है|

d) राजवीर द्‌वारा साइकिल चलाई जा रही थी

## SECTION – B [40 Marks]

***(Attempt four questions from this Section)***

**(You must answer at least one question from each of the two books you have studied and any two other question)**

### साहित्य सागर - संक्षिप्त कहानियाँ

### (Sahitya Sagar – Short Stories)

**Question 5.**

**Read the extract given below and answer in Hindi the questions that follow :**

**निम्नलिखित गद्‌यांश को पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिंदी में लिखिए :**

**"एक दिन उसने ऊपर एक पतंग उड़ती देखा. न जाने क्या सोचकर उसका हृदय एकदम खिल उठा"।**

(i) विश्वेश्वर कौन थे? उमा की मृत्यु के बाद उनकी क्या स्थिति थी? स्पष्ट कीजिए । [2]

(ii) -श्यामू ने पतंग मँगाने की बात किससे कही तथा उन्होंने श्यामू को क्या जवाब दिया तथा क्यों? [2]

(iii) -उड़ती हुई पतंग को देखकर क्या सोचकर श्यामू का हृदय एकदम खिल उठा? स्पष्ट कीजिए । [3]

(iv) -पाठ में आपने पढ़ा कि श्यामू ने विवशता में पिता जी की कोट के जेब से पैसे निकाल लिये थे, आपके विचार से ऐसा करना उचित था अथवा अनुचित? कारण भी बताएँ। [3]

**Question 6**.

**Read the extract given below and answer in Hindi the questions that follow: -**

**निम्नलिखित गद्यांश को पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिंदी में लिखिए: -**

**"सेठ जी ! यज्ञ खरीदने के लिए हम तैयार हैं, पर आपको अपना महायज्ञ बेचना होगा।"**

(i) उपर्युक्त अवतरण के वक्ता का परिचय दीजिए । [2]

(iii) श्रोता को वक्ता की किस बात पर आश्चर्य हुआ? समझाकर लिखिए। [2]

(iv) सेठ जी धन्ना सेठ की पत्नी की बात सुनकर क्या सोचने लगे?स्पष्ट कीजिए। [3]

(v) -धन्ना सेठ की पत्नी ने सेठ के किस काम को महायज्ञ बताया और क्यों? [3]

**Question 7.**

**Read the extract given below and answer in Hindi the questions that follow: -**

**निम्नलिखित गद्यांश को पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिंदी में लिखिए: -**

**हालदार साहब ने ड्राइवर को चौराहे पर गाड़ी रोकने के लिए मना किया था, लेकिन बाद में तुरंत रोकने को कहा ।**

(i) हालदार साहब पहले मायूस क्यों हो गए थे?समझाकर लिखिए । [2]

(ii) मूर्ति पर सरकंडे का चश्मा क्या उम्मीद जगाता है?स्पष्ट कीजिए । [2]

(iii) हालदार साहब इतनी सी बात पर भावुक क्यों हो उठे?स्पष्ट कीजिए । [3]

(iv) नेता जी का चश्मा कहानी से हमे क्या संदेश मिलता है? [3]

**Question 8**

**Read the extract given below and answer in Hindi the questions that follow: -**

**निम्नलिखित पद्यान्श को पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिंदी में लिखिए: ।**

साँई सब संसार में मतलब का व्यवहार ।
जब लग पैसा गाँठ में, तब लग ताको यार ।।
सब लग ताको यार, यार संग ही संग डोले।
पैसा रहे न पास, यार मुख से नहि बोले ।।
कह 'गिरिधर कविराय' जगत यहि लेखा भाई।
करत बेगरजी प्रीति, यार बिरला कोई साँई ।।

(i) कवि ने इस संसार की क्या विशेषताएँ बताई है तथा क्यों? [2]

(ii) कवि ने मित्रों के विषय में क्या बताया है? अधिकांश मित्र किस प्रकार के होते है? [2]

(iii) कवि ने इस जगत की क्या रीति बताई है। बेगरजी प्रीति करने वाले कितने लोग हैं? समझाइए । [3]

(iv) सच्चे मित्र का मानव जीवन में क्या महत्व है? आपकी दृष्टि में सच्चा मित्र कौन हो सकता है?समझाकर लिखिए। [3]

**Question 9.**

**Read the extract given below and answer in Hindi the questions that follow;-**

**निम्नलिखित पद्यान्श को पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिंदी में लिखिए :**

धर्मराज यह भूमि किसी की, नहीं क्रीत है दासी,
हैं जन्मना समान परस्पर, इसके सभी निवासी।
सबको मुक्त प्रकाश चाहिए, सबको मुक्त समीरण,
बाधा-रहित विकास, मुक्त आशंकाओं से जीवन।
लेकिन विघ्न अनेक सभी इस पथ पर अड़े हुए हैं,
मानवता की राह रोककर पर्वत अड़े हुए हैं।
न्यायोचित सुख सुलभ नहीं जब तक मानव-मानव को,
चैन कहाँ धरती पर तब तक शांति कहाँ इस भव को।

**(i)** कवि ने भूमि के लिए किस शब्द का प्रयोग किया हैं और क्यों? धरती पर शांति के लिए क्या आवश्यक है? [2]

**(ii)** कौन-किसे धर्मराज कह रहा है? और क्यों? समझाकर लिखिए । [2]

**(iii)** आज मानव के संघर्ष का मुख्य कारण क्या है? कवि के इस संबंध में क्या विचार हैं ?स्पष्ट कीजिए । [3]

**(iv)** अर्थ लिखिए । परस्पर, मुक्त, समीरण, विघ्न, न्यायोचित , सुलभ [3]

**Question 10.**

**Read the extract given below and answer in Hindi the questions that follow :**

**निम्नलिखित पद्यान्श  को पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिंदी में लिखिए :**

वह जन्मभूमि मेरी वह मातृभूमि मेरी।
जन्मे जहाँ थे रघुपति, जन्मी जहाँ थी सीता,
श्रीकृष्ण ने सुनाई, वंशी पुनीत गीता।
गौतम ने जन्म लेकर, जिसका सुयश बढ़ाया,
जग को दया सिखाई, जग को दिया दिखाया।
वह युद्ध-भूमि मेरी, वह बुद्ध-भूमि मेरी।
वह मातृभूमि मेरी, वह जन्मभूमि मेरी।

(i) कवि भारत की भूमि को पावन क्यों मानते हैं? [2]

(ii) श्रीकृष्ण ने सुनाई, वंशी पुनीत गीता' - पंक्ति का आशय स्पष्ट कीजिए। [2]

(iii) श्रीराम और सीता जी के जन्म की बात कहकर कवि भारत की किस विशेषता का वर्णन करना चाहता है ? [3]

(iv) गौतम बुद्ध कौन थे? उन्होंने संसार को किस भाव का उपदेश दिया था? उनके जीवन में क्या विशिष्ट घटना घटित हुई? [3]